राम का नाम दवाई है

राम का नाम दवाई है मेरे सतगुरु ने बताई है.....

पी गए हनुमान बलशाली,
तागत आ गई उनमें भारी,
सीना फार दिखाई है मेरे सतगुरु ने बताई है....

पी गए नरसी भगत मुस्काके,
भात भर दिया पल भर में आके,
माया खुब लुटाई है मेरे सतगुरु ने बताई है.....

द्रोपति नारी बहुत सताई,
आ गए कृष्ण बने सहाई,
साड़ी खूब बढाई है मेरे सतगुरु ने बताई है.....

जहर के प्याले जब भिजवाई,
हंसकर पी गई मीराबाई,
प्याले में दिखे कन्हाई है मेरे सतगुरु ने बताई है......

पी गए भगत सभी मतवाले,
हरि सत्संग में कर दिए चालें,
हरि ने दरस दिखाई है मेरे सतगुरु ने बताई है......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32326/title/ram-ka-naam-davayi-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |